# झारखण्ड सरकार
## मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग
## (संसदीय कार्य)

**-: अधिसूचना :-**

रॉंची,दिनांक–23 जुलाई,2026

सं0–05/मं0मं0स0/वि0स0सत्र–10/2026- 813/ माननीय राज्यपाल, झारखण्ड का दिनांक– 23-07-2026 का निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण के सूचनार्थ इसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है:–

---

''भारत के संविधान के अनुच्छेद–174 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, संतोष कुमार गंगवार, झारखण्ड का राज्यपाल, एतद् द्वारा झारखण्ड विधान सभा को **दिनांक–06 अगस्त, 2026** को 11:00 बजे पूर्वाह्न में झारखण्ड विधान सभा के सभा वेश्म् ,रॉंची में अधिवेशित होने के लिए आहूत करता हूँ।''

**रॉंची,**
**दिनांक– 23 जुलाई, 2026**

ह0/– संतोष कुमार गंगवार,
राज्यपाल, झारखण्ड

ह0/–कुशलमय केनेथ मुण्डू
सरकार के उप सचिव।

NPVA

# झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

**-: आहवान-पत्र :-**

पत्र सं0-कार्य0का0सू0-06/2026- 5064../वि0स0।

**प्रेषक,**

**रंजीत कुमार**
**प्रभारी सचिव,**
झारखण्ड विधान सभा,राँची।

**सेवा में,**

**माननीय सदस्यगण,**
झारखण्ड विधान सभा,राँची।
**माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्रिगण,**
झारखण्ड सरकार, राँची।

राँची,दिनांक-23.07.26 ई0।

**महोदय/महोदया,**

निदेशानुसार सूचित करना है कि झारखण्ड के माननीय राज्यपाल ने भारत का संविधान के अनुच्छेद-174 के खण्ड-(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखण्ड विधान सभा को सभा-वेश्म्, राँची में **दिनांक 06 अगस्त, 2026** को **11:00** बजे पूर्वाहन् में अधिवेशित होने के लिए आहूत किया है।

माननीय राज्यपाल महोदय के आदेश से **दिनांक 23 जुलाई, 2026** को जारी की गई एतद् विषयक अधिसूचना की एक प्रति आपके सूचनार्थ संलग्न है।

अतः झारखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य-संचालन के नियम-3 के अधीन मैं आपसे निर्धारित तिथि,समय एवं स्थान पर उपस्थित होने के लिए अनुरोध करता हूँ।

विश्वासभाजन,
रंजीत कुमार
23/7/2026
**(रंजीत कुमार)**
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा,राँची।

23/07/26